# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

दिनांक : 28.08.2025

पत्रांक : प०परीक्षा/9792

## कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा सम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्म, माइग्रेशन, अपेक्षित परीक्षा शुल्क न जमा करना, गलत विषय कोड का चयन करना एवं परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अन्य संगत अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये जाने आदि के कारण कतिपय छात्रों के ऑनलाइन परीक्षा परिणाम निरूद्ध (Detained) कर घोषित किये गये हैं। ऐसे समस्त छात्रों को सूचित किया जाता है कि जिनके परीक्षा परिणाम डिटेन्ड कर घोषित किये गये हैं वह छात्र सम्बन्धित अभिलेख सहित अपना आवेदन सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा कर दें तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा छात्रों से प्राप्त आवेदन पत्रों का परिक्षण कर सूची तैयार करते हुये विश्वविद्यालय को अविलम्ब उपलब्ध करा दिये जायें जिससे विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित छात्रों के डिटेन्ड हटाकर अंकतालिका निर्गत की जा सकें। जिन छात्रों के परीक्षा परिणाम डिटेन्ड हैं उन छात्रों के आगामी सत्र के परीक्षा फार्म किसी भी दशा में नहीं खोले जायेंगे।

परीक्षा नियन्त्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि महाविद्यालय में अध्ययनरत् ऐसे छात्र जिनके परीक्षा परिणाम डिटेन्ड हैं उन छात्रों से संगत अभिलेख जमा कराकर परीक्षणोंपरान्त सूची तैयार करते हुये विश्वविद्यालय को संगत अभिलेख सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे विश्वविद्यायल द्वारा नियमानुसार परीक्षण कर डिटेन्ड हटाते हुये सम्बन्धित छात्र की अंकतालिका निर्गत की जा सके।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक प्रति-कुलपति को प्रति-कुलपति के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
6. उपकुलसचिव(परीक्षा)।
7. प्रभारी-विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संदर्भित पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

उप-कुलसचिव (परीक्षा)